Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made reference on world Divyang Day and extended good wishes to all the Dnyangjanrs.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आज 3 दिसंबर, 2021 का दिन पूरे विश्व में दिव्यांग दिवस के रूप में मनाया जाता है । यह दिन हमें दिव्यांगों से जुड़े विभिन्न विषयों तथा उनके समाज एवं जीवन में समान अवसर उपलब्ध कराने के हमारे संकल्प को दोहराने का दिन है । आज के दिन हम अपने दिव्यांग बंधुओं द्वारा जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की गई विशेष उपलब्धियों को याद करके, उनकी अदम्य इच्छाशक्ति और साहस को नमन करते हैं ।

अभी वर्तमान ओलम्पिक में हमारे दिव्यांगों का जिस तरीके का खेल प्रदर्शन देखा गया है, इसके लिए पूरा देश गर्व करता है । इस अवसर मैं अपनी तरफ से तथा पूरे सदन की ओर से सभी दिव्यांग बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ ।

… (व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, यह सदन आपका है । आप पूरे सदन के मालिक हैं । जैसा कि वेटिकन में पोप होता है, उसी तरह से यहाँ आप होते हैं । सदन के बाहर गाँधी जी की प्रतिमा है । हमें गाँधी जी की प्रतिमा के नीचे बैठकर आँदोलन करना चाहिए । हमें आँदोलन करने की इजाजत है । … (व्यवधान)

सर, आज क्या हो रहा है? जब हमारे कुछ साथी गाँधी जी की प्रतिमा के पास आँदोलन कर रहे हैं तो बी.जे.पी. के कुछ साथी वहाँ जाकर हुड़दंग कर रहे हैं ।… (व्यवधान)

HON. SPEAKER: No.

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):अगर उनको भी कोई विरोध करना है तो इसके लिए उनका अधिकार है, केवल आपका ही अधिकार नहीं है ।… (व्यवधान) महात्मा गाँधी जी की मूर्ति के पास बैठने का अधिकार केवल आपका ही नहीं है । अगर हमारे किसी भी सदस्य को ऐसा लगता है कि हमें भी विरोध करना है तो उन्होंने भी विरोध किया ।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मेरा आपसे अनुरोध है कि सदन में चर्चा के दौरान किसी भी अन्य सदन अथवा पीठासीन अधिकारी के विषय में कोई उल्लेख करना हमारी विधायी कार्य और हमारी संसदीय मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है । मेरा आप सभी से आग्रह है, सभी सदन से आग्रह है कि चाहे यह सदन हो, चाहे अपर हाउस का सदन हो, हमें यह मर्यादा बनाए रखनी चाहिए कि हमारे पीठासीन अधिकारियों के बारे में किसी तरह की टिप्पणी इन सदनों में न हो तो उचित रहेगा । यह मेरा आपसे आग्रह है ।

… (व्यवधान)

श्री अर्जुन राम मेघवाल: अध्यक्ष जी, मुझे यह कहना था कि कल कोविड पर जो चर्चा हो रही थी, उस दौरान दूसरे सदन की प्रोसीडिंग को लेकर भी चर्चा हुई । … (व्यवधान) अगर वह भी रिकॉर्ड में आया या चेयरमैन का भी विषय आया तो उसे रिकॉर्ड से हटा देना चाहिए ।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: इसे मैं देख लूँगा । अगर वह रिकॉर्ड में होगा तो उसे निकाल देंगे ।

… (व्यवधान)

श्री अर्जुन राम मेघवाल: दूसरा, अभी अधीर रंजन जी ने कहा है,**…**(व्यवधान) वहाँ बी.जे.पी. के सांसदों ने भी विरोध-प्रदर्शन किया है ।… (व्यवधान) वहाँ पर आपने सिक्योरिटी को मारा है । उस प्रक्रिया को लेकर उन्होंने विरोध-प्रदर्शन

किया है । उनको भी विरोध करने का हक है ।... (व्यवधान) आप उनको हटा रहे थे, वे आपको नहीं हटा रहे थे ।... (व्यवधान) आप उनको हटा रहे थे कि हम यहाँ विरोध करेंगे । उनको भी विरोध करने का हक है ।... (व्यवधान)

श्री नामा नागेश्वर राव (खम्माम): सर, पिछले पाँच दिनों से हम लोग आपके माध्यम से तेलांगना के किसानों के बारे में गवर्नमेंट को बता रहे हैं ।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैं आपको रोज समय देता हूँ ।

... (व्यवधान)

श्री नामा नागेश्वर राव : सर, हमारी एक रिक्वेस्ट है कि आप गवर्नमेंट को एक स्टेटमेंट देने के लिए बताइए ।... (व्यवधान) हम लोग किसान की पैडी खरीदेंगे या नहीं खरीदेंगे ।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:हमने आपको सदन में हमेशा पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर दिया है । लेकिन, आपको पर्याप्त समय देने के बाद भी आप सदन के अंदर व्यवधान कर रहे हैं । आप सदन को डिस्टर्ब कर रहे हैं । यह सदन की मर्यादाओं के अनुकूल नहीं है । अगर मैं आपको समय नहीं दूँ तो क्या आप डिस्टर्बेंस करेंगे?

... (व्यवधान)

श्री नामा नागेश्वर राव :सर, एक-एक मंत्री एक-एक तरफ से बोल रहे हैं ।... (व्यवधान)

HON. SPEAKER: No, please.

... (*Interruptions*)